Title: Need to accord sanction to the proposal of Government of Maharashtra for construction of overbridge on National Highway No.6 near Phekri railway crossing in Jalgaon Parliamentary constituency.

श्री वाई. जी. महाजन (जलगांव) : मेरे संसदीय क्षेत्र जलगांव(महाराट्र) में राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 6 पर फेकरी के निकट रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर-ब्रिज बनाये जाने की काफी आवश्यकता है। इस राजमार्ग पर कोलकता से मुम्बई तक प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। रेल क्रॉसिंग पर गेट बंद रहने से दिन में कई बार क्रॉसिंग के दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतार बनी रहती है, जिससे लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

इस राजमार्ग पर बी.ओ.टी. प्रणाली के अनुसार ओवर-ब्रिज बनाने का महाराट्र सरकार का प्रस्ताव भूतल परिवहन मंत्रालय में प्रलम्बित है। अतः मेरा अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 6 पर फेकरी के निकट रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर-ब्रिज निर्माण कार्य को तुरंत स्वीकृति दी जाए।